सनमार्ग – 26 अप्र. 14

कॉर्यूगेटेड बॉक्स उद्योग संकट में

कोलकाता : ईस्टर्न इंडिया कॉर्यूगेटेड बॉक्स मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (ईआईसीएमए) ने आगामी दो से तीन मई तक बंद का ऐलान किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष मिलन कुमार डे ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ महीनों से 1500 करोड़ के इस उद्योग को कच्चे माल के दामों में बढ़ोत्तरी होने के कारण किसी भी तरह का मुनाफा नहीं हुआ है। इसलिए ग्राहकों से कॉर्यूगेटेड बॉक्स के दामों में 20 प्रतिशत की मूल्य वृद्धि की अपील की गयी है। उन्होंने कहा कि बंद के दौरान लगभग 4000 टन का उत्पादन प्रभावित होगा। सम्मेलन में उनके साथ एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हेमंत सरावगी, बिप्लव कुमार दत्त तथा राम गोपाल अगरवाल उपस्थित थे।